झारखण्ड सरकार
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड के उपलब्धि प्राप्त योग्य खिलाड़ियों को उनके द्वारा समर्पित आवेदन के आलोक में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए खेल वृत्तिका की स्वीकृत्ति प्रदान की गई है। स्वीकृति प्राप्त इन खिलाड़ियों में से कतिपय खिलाड़ियों का आधार नं० एवं आई०एफ०एस० कोड गलत होने/स्पष्ट नहीं होने के कारण इनका Payee ID नहीं बन पा रहा है, जिसके कारण विपत्र तैयार करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे खिलाड़ियों की सूची इस निदेशालय के वेबसाईट **sports.jharkhand.gov.in** एवं झारखण्ड खेल प्राधिकरण के वेबसाईट **www.sajha.in** पर **Notice Section** में उपलब्ध है।

उक्त सूची में शामिल सभी खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने आधार लिंक्ड बैंक खाता के पासबुक के प्रथम पृष्ठ (जिसमें नाम, खाता संख्या एवं IFSC कोड स्पष्ट अक्षरों में अंकित हो), आधार कार्ड एवं एक अतिरिक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड को छोड़कर) को स्कैन कर दिनांक 31.08.2020 तक इस निदेशालय के **E-mail ID:- applicationdosya@gmail.com** पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्धारित तिथि तक वांछित कागजात जमा नहीं करने पर नकद पुरस्कार राशि/छात्रवृत्ति भुगतान में होने वाली देरी के लिए खिलाड़ी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ह०/–
निदेशक
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची।